ये बाबा मोर छड़ी वाला

मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
देखो प्रेम बढ़ाये सबसे,
ये बाबा मोर छड़ी वाला,
ये बाबा मोर छड़ी वाला,
जो भी आये, सब को निभाये,
ये बाबा नीले घोड़े वाला,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
देखो प्रेम बढ़ाये सबसे,
ये बाबा मोर छड़ी वाला,
ये बाबा मोर छड़ी वाला....

अजी श्याम का रंग नीला,
पहने पीताम्बर पीला,
अजी श्याम का रंग नीला,
पहने पीताम्बर पीला,
इसका बागा सजीला,
इसका रूप है नशीला,
इसका बागा सजीला,
इसका रूप है नशीला,
जो भी देखे, होश गवायें,
ऐसा जादू इसने डाला,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
देखो प्रेम बढ़ाये सबसे,
ये बाबा मोर छड़ी वाला,
ये बाबा मोर छड़ी वाला......

घोड़ा इसका है नीला,
सरपट दौड़े फुर्तीला,
इसको नजर नही लागे,
बांका कद है गठीला,
घोड़ा इसका है नीला,
सरपट दौड़े फुर्तीला,
इसको नजर नही लागे,

बांका कद है गठीला,
श्याम का सेवक,
अजी छम छम नाचे,
ये तो होके मतवाला,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
देखो प्रेम बढ़ाये सबसे,
ये बाबा मोर छड़ी वाला,
ये बाबा मोर छड़ी वाला.......

बाबा कलयुग अवतारी,
तीन बाणों का धारी,
महिमा इनकी है न्यारी,
पूजे ये दुनिया सारी,
बाबा कलयुग अवतारी,
तीन बाणों का धारी,
महिमा इनकी है न्यारी,
पूजे ये दुनिया सारी,
अरे भोग लगावो,
शुभ मंगल गावो,
सब का बने रखवाला,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
देखो प्रेम बढ़ाये सबसे,
ये बाबा मोर छड़ी वाला,
ये बाबा मोर छड़ी वाला......

सिर पर मोर मुकुट पहने,
कानो में कुंडल गहने,
इसकी चितवन है प्यारी,
निर्मल कहता क्या कहने,
सिर पर मोर मुकुट पहने,
कानो में कुंडल गहने,
इसकी चितवन है प्यारी,
निर्मल कहता क्या कहने,
ये देव निराला, है मतवाला,
ये तो मोहन मुरली वाला,
मन को लुभाये,
ये तो सब को ही भाये,
देखो प्रेम बढ़ाये सबसे,
ये बाबा मोर छड़ी वाला,
ये बाबा मोर छड़ी वाला......

वो आ गया खाटू वाला,
वो आ गया लीले वाला,

वो भक्तों का रखवाला,
वो आ गया खाटू वाला,
वो आ गया लीले वाला...........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30219/title/ye-baba-mor-chadi-wala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |